प्रोफेसर (डॉ.) जुयाल उत्तराखंड सरकार द्वारा पलायन आयोग के सदस्य मनोनीत

नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति डॉ. प्रयाग दत्त जुयाल जी को उत्तराखंड सरकार द्वारा पलायन आयोग का सदस्य मनोनीत किया गया है। वि.वि. के लिये यह गौरव की बात है। इससे पूर्व डॉ. जुयाल, राष्ट्रीय गोकुल मिशन के केन्द्रीय सलाहकार समिति के सदस्य मनोनीत किये गय थे।

इस आयोग के 9 सदस्य बनाये गये है तथा 6 महीनों के अंदर इस आयोग को रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी। यह आयोग प्रदेश के कृषि एवं संबंधित क्षेत्रों जैसे पशुपालन मत्स्य पालन आदि को विकसित करेंगे तथा राज्य में रोजगार के अवसर बढ़ायेंगे जिससे लोगों का पलायन रोका जा सकेगा तथा उत्तराखंड की आर्थिक स्थिति को मजबूत करेंगे। इस राज्य में कृषकों एवं पशु पालकों को इसका फायदा मिलेगा। आयोग अपनी सिफारिशें सरकार को प्रस्तुत करेंगे।

उल्लेखनीय है कि डॉ. जुयाल देश एवं विदेश की अनेक समितियों के सदस्य है।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर